




# आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में 8 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

## आयोजन ने सादगी और सामाजिक एकता का दिया संदेश






नवभारत न्यूज

**मैहर 3 मई, अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय समाज, जिला मैहर के तत्वावधान में कटनी रोड स्थित पटेल पैलेस में रविवार को आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में 8 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सभी विवाह विधिवत संपन्न कराए गए। पूरे आयोजन के दौरान उत्सव जैसा माहौल रहा।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद गणेश सिंह उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल ने की। विशिष्ट अतिथियों में श्रीकांत चतुर्वेदी, राजमणि पटेल (पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री), श्रीमती शालिनी सिंह पटेल (महिला मोर्चा, उत्तर प्रदेश), श्रीमती ममता पटेल (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, कटनी), संतोष सोनी (सांसद प्रतिनिधि) एवं देवदत्त सोनी (जिला पंचायत सदस्य) शामिल रहे। सभी अतिथियों ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सम्मेलन में कुर्मी क्षत्रिय समाज के अनेक पदाधिकारी एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष रामसुशील पटेल, युवा मोर्चा कार्यकारी जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष तारा विजय पटेल, कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष इन्द्रपाल पटेल (धतूरा), पूर्व अध्यक्ष रामकृपाल पटेल, ब्लाक इकाई मैहर महामंत्री राजेंद्र सिंह 'बब्लू', जिला कोषाध्यक्ष गोविंदनाथ पटेल, जिला महामंत्री अमृतलाल पटेल, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह खुशेड़ी, जिला उपाध्यक्ष सुनील पटेल, संगठन मंत्री लोकनाथ पटेल, समाजसेवी रावेंद्र सिंह 'रामानंद बाबा', एडवोकेट किरण सिंह, महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष पुष्पा सिंह, अमरपाटन अध्यक्ष गीता पटेल, शहर अध्यक्ष सुशील पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष अजय सिंह (परसोखा), शहर युवा अध्यक्ष राकेश पटेल, जिला युवा अध्यक्ष जगतपाल पटेल, अमरपाटन कोषाध्यक्ष रामदीन पटेल, ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष जीतेन्द्र पटेल (फौजी), प्रबंधक रामनाथ पटेल, सरस्वती स्कूल संचालक मणिराज सिंह पटेल रावेंदू पटेल, अरुण पटेल (कंचनपुर), दिवाकर सिंह (रामनगर), सुजीत पटेल (रामनगर), संजय पटेल (अमरपाटन) एवं मंच संचालक विश्वनाथ पटेल सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज के लोगों की बड़ी भागीदारी रही। आयोजन के माध्यम से सादगीपूर्ण विवाह, सामाजिक समानता और सामूहिक सहयोग का संदेश दिया गया।

आयोजकों ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य विवाह में अनावश्यक खर्च को कम करना तथा समाज में आदर्श परंपराओं को बढ़ावा देना है। विशेष सम्मेलन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि विवाह जैसे पवित्र संस्कार को सरल, सुलभ और सादगीपूर्ण तरीके से भी गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न किया जा सकता है।

### सामूहिक विवाह से बढ़ती है समानता की भावना : गणेश सिंह

सतना सांसद गणेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। इससे जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहारा मिलता है और समाज में समानता की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि कम खर्च में सादगीपूर्ण और संस्कारयुक्त विवाह आज की आवश्यकता है। इस तरह के आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं।

### व्यवस्थाएं रहीं उत्कृष्ट, आयोजन अनुकरणीय : रामखेलावन

प्रदेशाध्यक्ष रामखेलावन पटेल ने आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि मैहर का यह सम्मेलन अन्य स्थानों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने डेकोरेशन, खानपान, बारातियों के स्वागत एवं समुचित व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आयोजन समाज की एकता और सहयोग भावना का सशक्त उदाहरण है।

### समाज की एकजुटता से संभव हुआ सफल आयोजन : रामसुशील

कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष रामसुशील पटेल ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह आयोजन समाज के सामूहिक सहयोग और एकजुटता का परिणाम है। सभी पदाधिकारियों, समाजसेवियों और दानदाताओं के सहयोग से यह सम्मेलन सफल हो सका है। हमारा उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक विवाह की सुविधा उपलब्ध कराना और समाज में सादगीपूर्ण परंपराओं को बढ़ावा देना है।उन्होंने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।



# गेहूं खरीदी में किसानों को हो रही परेशानी को लेकर कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 3 मई, समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में किसानों को हो रही परेशानी को लेकर कांग्रेस के जिला महामंत्री रोहित कांत सिंह के नेतृत्व में एसडीएम रामपुर बाघेलान को ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन में कहा गया है कि खरीदी केन्द्रों में स्लाट बुक नहीं हो रहे हैं जिससे किसानों को गेहूं की फसल कम दाम में व्यापारी को 2200-2300 रूपये में बेचना पड़ रहा है। खरीदी केन्द्रों में पेयजल एवं छाया की कोई व्यवस्था नहीं है, जबकि शासन द्वारा यह निर्धारित सुविधाओं में एक है, जबकि तापमान 43 से 44 डिग्री लगातार बना हुआ इसको देखते हुये पेयजल व छाया की व्यवस्था प्राथमिकता से की जाय। इस वर्ष रामपुर बाघेलान तहसील अन्तर्गत अपेक्षा अनुसार अधिक स्थानो पर आग के कारण किसानो की फसल, पम्प मोटर, घर एवं अन्य तरह से काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। ज्ञापन में जल्द से जल्द मानवीय दृष्टि को ध्यान में रखते हुये किसानों के अधिक नुकसान का वास्तविक आकलन करा कर उचित मुआवजा दिलाया जाय । शासन के द्वारा रामपुर बाघेलान के ग्राम झूसी में सायलो बैग केन्द्र के स्थापना के लिये शासन से अनुमति प्रदान की गई थी। किन्तु कतिपय कारणों से सायलो बैग केन्द्र आज दिनांक तक कार्यशील नही हो पाया जिससे किसानो को बारदानो के अभाव के कारण किसानो का गेहू खरीदने में विलंब हो रहा है. इसलिए उपर्युक्त समस्याओं से किसानो को राहत प्रदान करने हेतु उचित व्यवस्था करने की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस जिला महामंत्री रोहित कांत सिंह, संतोष कुशवाहा, सुधीर कुमार मिश्र, विवेकानन्द त्रिपाठी, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, अजय पाठक, दलप्रताप सिंह शामिल रहे।

# बिजली-पेट्रोल महंगाई, स्मार्ट मीटर और भ्रष्टाचार पर बढ़ा जनआक्रोश

## सुधार नहीं हुआ तो बिजली विभाग के खिलाफ होगा बड़ा आंदोलन : विकास त्रिपाठी

नवभारत न्यूज

**मैहर 3 मई, प्रदेश में लगातार बढ़ती बिजली दरों, पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों और स्मार्ट मीटर व्यवस्था को लेकर आम जनता में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। एक महीने के भीतर दूसरी बार बिजली दरों में बढ़ोतरी और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि ने आम परिवारों की आर्थिक स्थिति पर सीधा असर डाला है। बढ़ती महंगाई के बीच घरेलू खर्च संभालना लोगों के लिए चुनौती बन गया है।**



इसी मुद्दे को लेकर जनपद उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने सरकार और विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि लगातार बढ़ती बिजली दरें, ईंधन महंगाई और स्मार्ट मीटर की व्यवस्था आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई नियंत्रण के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर जनता को राहत नहीं मिल रही।

विकास त्रिपाठी ने कहा कि अप्रैल में बिजली टैरिफ बढ़ने के बाद मई से अतिरिक्त सरचार्ज लागू होने से उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में और वृद्धि हुई है। गर्मी के मौसम में बिजली की अधिक जरूरत के बीच बढ़ी हुई दरों ने आम उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी और मध्यम वर्ग पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवहन लागत बढ़ रही है, जिसका असर खाद्यान्न, सब्जी, निर्माण सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर दिखाई दे रहा है। इससे आम परिवारों का मासिक बजट लगातार बिगड़ता जा रहा है। साथ ही उन्होंने स्मार्ट मीटर व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना है कि कई क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की सहमति के बिना जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। विकास त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग के कुछ अधिकारी जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय लेनदेन और भ्रष्टाचार में अधिक व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों पर समय पर कार्रवाई नहीं होने से लोगों में विभाग के प्रति अविश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की कि बिजली दरों, स्मार्ट मीटर व्यवस्था और बढ़ते बिलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए पारदर्शी नीति लागू की जाए। साथ ही विभागीय कार्यप्रणाली में सुधार लाकर भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की आवश्यकता बताई। विकास त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि यदि बिजली विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में आमजनों के साथ मिलकर विभाग के खिलाफ बड़ा और व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# सिंहपुर मंडल की संगठनात्मक बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**नागौद 3 मई, भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश संगठन के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय के मार्गदर्शन में रैगांव विधानसभा के सिंहपुर मंडल की संगठनात्मक बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला उपाध्यक्ष एवं सिंहपुर मंडल के मंडल प्रभारी श्रीकृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट) के मुख्य आतिथ्य में एवं सिंहपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष विष्णु पांडेय की अध्यक्षता में तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला एवं महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष श्रीमती सविता त्रिपाठी के विशिष्ट आतिथ्य में सिंहपुर मंडल की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई।**



संगठनात्मक बैठक का संचालन मंडल उपाध्यक्ष संजय त्रिवेदी ने किया एवं आए हुए अतिथियों का आभार मंडल महामंत्री इंद्रजीत लोधी ने किया। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट) ने कहा कि शक्ति केंद्र टोली बैठक में चर्चा के उपरांत टिफिन बैठक आयोजित करना है एवं महीने के अंतिम रविवार को होने वाली %मन की बात% में बूथ समिति की बैठक का स्थान एवं एजेंडा सुनिश्चित करना है और बैठकों को अनिवार्य रूप से संगठन ऐप पर अपलोड करना है तथा एस.आई.आर पश्चात हुए बूथ पुनर्गठन को ध्यान में रखते हुए नई संगठनात्मक संरचना बनाना है तथा आजीवन सहयोग निधि के संग्रह की रसीद बुक 15 दिनों के अंदर जिला कार्यालय में जमा करवाना है तथा एक शक्ति केंद्र में सात बूथों से अधिक न हों ऐसी चिंता हम सभी कार्यकर्ताओं को करना है। प्रत्येक बूथ का व्हाट्सएप ग्रुप बनाना है। संगठन ऐप में बूथ समिति बनी हुई है, उसकी सूची बनाकर जिला कार्यालय में जमा करना है। शक्ति केंद्र में जो 30-30 कार्यकर्ताओं की सूची बनाई गई है, उन्हें शक्ति केंद्र की बैठकों में आवश्यक रूप से आमंत्रित करना है। मंडल के पदाधिकारियों को शक्ति केंद्र का प्रभारी बनाकर संगठन तंत्र को मजबूती प्रदान करना है। उक्त संगठनात्मक बैठक में रामकुमार चतुर्वेदी, रामसखा द्विवेदी, विजय शुक्ला, रामकुमार बागरी, लालजी कुशवाहा, रामू विश्वास, रामगोपाल बागरी, अभिजीत सिंह, रवि लोधी, विकास कुमार सोनी, अविनाश गोस्वामी, राम प्रसाद त्रिपाठी, विष्णु लोधी, विशु सरदार, कंधीलाल कुशवाहा, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, जगलाल लोधी, कृष्णा त्रिपाठी, बलिराम विश्वकर्मा, सुरेंद्र लोधी, बिटाई लाल लोधी, शिव शंकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रमोद तिवारी का देवलोक गमन, अंतिम संस्कार आज

**कोटर 3 मई,** ग्राम बिहरा निवासी प्रमोद तिवारी आज शाम 5.30 के लगभग देवलोक गमन हो गया उनका अंतिम संस्कार कल सोमवार को सुबह 9.00 बजे के लगभग किया जाएगा। प्रमोद तिवारी काफी समय से बीमार चल रहे थे जिनका इलाज सतना एवं नागपुर में हुआ लेकिन स्वास्थ्य लाभ नहीं हुआ आज शाम भरे पूरे परिवार को बिलखता छोड़कर देवलोक गमन कर गए, इससे बिहरा गांव में शोक की लहर है।

# निस्वार्थ भाव से सेवा श्रमदान के माध्यम से कामदगिरि पर्वत की हुई सफाई

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 3 मई, कामतानाथ जी परिक्रमा मार्ग में व्यापक महासफाई अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान जिलाधिकारी श्री पुलकित गर्गए कामदगिरि स्वच्छता समिति के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ।**



बरिजा कुंड के पास स्वच्छता अभियान चलाया गया विशेष साफ.सफाई कर कूड़ा.करकट का निस्तारण किया गया तथा मार्ग को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया गया।इस दौरान श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने बंदरों को मार्ग के किनारे भोजन देने तथा सार्वजनिक स्थानों पर थूकने से बचने की अपील की गई।कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष श्री राकेश केशरवानी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 26 के अंतर्गत जनसहभागिता पर बल देते हुए सभी से सहयोग करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन नगरी के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार व कृष्णा शुक्ला जितेंद्र केसरवानी अंकुर केसरवानी रसूल खान जानकी प्रसाद बिनोद बीरेंद्र राजेश रवि रामशिया राकेश मोनू सहित अन्य कर्मचारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा के जैतवारा मंडल की संगठनात्मक बैठक हुई आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना 3 मई, भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश संगठन के निर्देश पर चित्रकूट विधानसभा के जैतवारा मंडल की संगठनात्मक बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला उपाध्यक्ष एवं जैतवारा मंडल प्रभारी ऋषभ सिंह के मुख्य आतिथ्य में एवं जैतवारा मंडल अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं नगर परिषद जैतवारा की अध्यक्ष श्रीमती रेनू देवी डोहर विशिष्ट आतिथ्य में जैतवारा मंडल की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई।**



संगठनात्मक बैठक का संचालन मंडल महामंत्री संतोष डोहर ने किया एवं आए हुए अतिथियों का आभार मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह ने कहा कि शक्ति केंद्र टोली बैठक में चर्चा के उपरांत टिफिन बैठक आयोजित करना है एवं महीने के अंतिम रविवार को होने वाली %मन की बात% में बूथ समिति की बैठक का स्थान एवं एजेंडा सुनिश्चित करना है और बैठकों को अनिवार्य रूप से संगठन ऐप पर अपलोड करना है तथा एस.आई.आर पश्चात हुए बूथ पुनर्गठन को ध्यान में रखते हुए नई संगठनात्मक संरचना बनाना है तथा आजीवन सहयोग निधि के संग्रह की रसीद बुक 15 दिनों के अंदर जिला कार्यालय में जमा करवाना है तथा एक शक्ति केंद्र में सात बूथों से अधिक न हों ऐसी चिंता हम सभी कार्यकर्ताओं को करना है। प्रत्येक बूथ का व्हाट्सएप ग्रुप बनाना है। संगठन ऐप में बूथ समिति बनी हुई है, उसकी सूची बनाकर जिला कार्यालय में जमा करना है।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

संगठनात्मक बैठक में ऋषभ सिंह मंडल प्रभारी, श्रीमती रेनू देवी डोहर अध्यक्ष नगर परिषद जैतवारा, मनीष त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष अखिलेश पांडे ,राजा अनिल त्रिपाठी, महेंद्र शर्मा, राहुल सिंह , अरविंद पांडे, महामंत्री शैलेंद्र अग्रवाल संतोष डोहर राजीव विश्वकर्मा कार्यालय मंत्री अजय गुप्ता कोषाध्यक्ष श्रवण दुबे मीडिया प्रभारी नवीन पांडे सोशल मीडिया प्रभारी, अभय राज डोहर अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गोकरण द्विवेदी शक्ति केंद्र संयोजक बाधी, चंद्रभूषण तिवारी संयोजक शक्ति केंद्र जैतवारा, सुबोध सोनी जी संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ जैतवारा नटवरलाल द्विवेदी संयोजक शक्ति केंद्र खुटहा, राजू तिवारी अमिलपुर राम बहादुर डोहर पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद जैतवारा , सहित सभी अपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नागौद की प्रतिमा ने खिताब जीता

नवभारत न्यूज

**नागौद 3 मई, 12वीं विभागीय राज्यस्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता महिला (2025-26) 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में श्रीमती प्रतिमा सिंह (शिक्षिका), शा. मा. शाला उमरी बंधौर, नागौद विजेता रहीं।**





नागौद की शिक्षिका प्रतिमा सिंह ने 50+ आयु वर्ग में राज्यस्तर पर गोल्ड जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि उन्होंने रीवा संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए स्कूल रिलायंस गोल्ड मेडल जीता।

यह प्रतियोगिता छतरपुर में 1 मई से 3 मई तक संपन्न हुई. बधाई देने वाले शालिकराम बहादुर सिंह, खेल प्रेमी कमला मिश्रा, उमा सिंह, माधुरी सोनी, रंजना शुक्ला, उषा सिंह, सावित्री कोरी, उषा सोनी एवं ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी विनोद सिंह परिहार ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# चुन्नी लाल अग्रवाल को दी गईं श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**सतना 3 मई, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद उत्तराधिकारी परिवार समिति के राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुसार आज दिनांक 3-5 - 2026 को 10.10 बजे कार्यक्रम चांदनी टॉकीज, शिव मंदिर के बगल में निवास रत राजेंद्र अग्रवाल के पिता स्वर्गीय चुन्नीलाल अग्रवाल स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।**




प्रवक्ता श्रीमती छाया गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद उत्तराधिकार परिवार समिति जिला सतना के पदाधिकारी प्रदेश महासचिव अरुण प्रताप सिंह, पूर्व महापौर श्रीमती ममता पांडे, श्रीमती सावित्री सिंह, श्रीमती छाया गुप्ता,राकेश मिश्रा, कृष्णेंद्र सिंह,प्रदीप मिश्रा, विश्वनाथ अग्रवाल, विश्वनाथ सोनी,उमेश गुप्ता, डॉ अमित पांडे,सुधा अग्रवाल,सुशील अग्रवाल, रवि प्रकाश गुप्ता, आराधना अग्रवाल,प्रभात मिश्रा,श्री राम दुबे, अभय नामदेव, हरी बाबू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे । राजेंद्र अग्रवाल द्वारा स्वर्गीय चुन्नीलाल अग्रवाल स्वतंत्रता सेनानी जी के जीवन में प्रकाश डाला, तत्पश्चात राष्ट्रगान कर कार्यक्रम का समापन किया ।राजेंद्र अग्रवाल ने इस अवसर पर संग्रहालय का अवलोकन भी कराया ।

# कृषि विज्ञान केन्द्र ग्रामों में संतुलित उर्वरक उपयोग जागरूकता अभियान अंतर्गत किसान गोष्ठी आयोजित

## वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग और मृदा नमूना लेने की विधि के बारे में किया जा रहा जागरूक

नवभारत न्यूज

**मझगवां 3 मई, दीनदयाल शोध संस्थान, कृषि विज्ञान केंद्र, मझगवां द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ढ्ढष्टक्र) के तत्वावधान में किसानों के लिए "संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान" का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है।**

अभियान के अंतर्गत सोहवाल विकासखंड के ग्राम गुलुआ एवं मझगवां जनपद के ग्राम बांका, चितहरा में किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग को रोकना और मृदा स्वास्थ्य के प्रति किसानों को जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के सस्य विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. अजय चौरसिया द्वारा बताया कि किसान भाईयों को मृदा परीक्षण आधारित उर्वरकों का उपयोग किया जाना चाहिए।नाइट्रोजन (यूरिया) पर पूरी तरह निर्भर न रहकर ह्नक्क्य (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश) और सूक्ष्म पोषक तत्वों का उचित अनुपात में प्रयोग करें।इसके लिए




रायनिक उर्वरकों के साथ साथ गोबर की खाद, हरी खाद, वर्मी कंपोस्ट आदि का भी समावेश करना चाहिए। केन्द्र के कृषि प्रसार विशेषज्ञ श्री पंकज शर्मा ने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी। इस अभियान में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग और मृदा नमूना लेने की विधि के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने उर्वरकों के अत्यधिक इस्तेमाल से होने वाले नुकसान, जैसे खेत की उर्वरा शक्ति में कमी, स्वास्थ्य पर बुरा असर और खेती की लागत बढ़ने के बारे में भी जागरूक किया। ग्राम चितहरा में आयोजित कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक सत्यम चौरिहा ने किसानों को समय-समय पर मिट्टी की जांच कराने, मिट्टी का नमूना लेने और जांच के परिणामों के आधार पर ही आवश्यक तत्वों वाले उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी। कृषकों द्वारा इस कार्यक्रम सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहना चाहिए।